विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्र. / परीक्षा / 2021 / 9306 दिनांक : 30.05.2021

–:: अधिसूचना ::–

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सत्र 2020–21 के पाठ्यक्रमों के स्नातक स्तर, स्नातकोत्तर स्तर एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों से परीक्षाओं के आवेदन पत्र सम्बन्धित महाविद्यालय/ अध्ययनशाला में **बिना विलम्ब शुल्क के परीक्षा आवेदन पत्र** एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से **"परीक्षा प्रारम्भ होने के 01 दिवस पूर्व तक"** भरे जा सकेगें।

पूर्व में प्रसारित सत्र 2020–21 के स्नातक स्तर, प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा एवं स्नातकोत्तर स्तर की द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाओं पर उक्त अधिसूचना लागू होगी तथा सत्र 2020–21 की शेष परीक्षाओं पर भी उक्त अधिसूचना ऑनलाईन के माध्यम से फार्म जमा करने पर भी लागू होगी।

परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने संबंधी दिशा–निर्देश पूर्व की भांति यथावत रहेगें।

आदेशानुसार

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

क्रमांक / परीक्षा / 2021 / 9307 दिनांक : 30.05.2021

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

01. निदेशक/प्राचार्य, संबंधित संस्थान/महाविद्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, उज्जैन को निर्देशित किया जाता है कि म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा विद्यार्थियों से परीक्षा फार्म प्राप्त कर उपरोक्त तिथि तक विश्वविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करें। परीक्षा फार्म जमा न करने की दशा में परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया जावेगा।
02. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, उज्जैन–संभाग, उज्जैन।
03. माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के निजि सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
04. कुलानुशासक/मीडिया प्रभारी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
05. संकायाध्यक्ष, विद्यार्थी कल्याण संकाय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
06. प्रभारी, ऑनलाईन प्रकोष्ठ, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
07. प्रभारी, कम्प्यूटर सेन्टर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
08. प्रभारी, मुद्रणालय/पूछताछ कार्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
09. सहायक कुलसचिव, लेखा/गोपनीय विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
10. संपादक/प्रतिनिधि महोदय, दैनिक समाचार पत्र .... की ओर भेजकर अनुरोध है कि अधिसूचना की जानकारी अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

अनुभाग अधिकारी (परीक्षा)

20–21/49

Scanned by CamScanner